हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की...




07 शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत वोट पड़े,...



**खबर संक्षेप**



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 40 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दो दिनों के पुष्य नक्षत्र में नहीं निकली ग्राहकी, अब धनतेरस का इंतजार

**नलखेड़ा।** त्यौहारों के दिनों में खरीदी के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माने जाने वाला पुष्य नक्षत्र इस बार लगातार दो दिन मंगलवार व बुधवार को था। जिसके चलते नगर के व्यापारियों को अच्छी ग्राहकी की आशा बन रही थी। इसी के चलते नगर के आभूषण, बर्तन, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि के व्यापारियों द्वारा इसके लिए तैयारियां भी की गई थी। लेकिन पुष्य नक्षत्र के दोनों दिनों तक बाजार में सामान्य ग्राहकी ही रही। पुष्य नक्षत्र में जो ग्राहकी रहना चाहिए उसका अभाव दिखाई दिया। अब नगर के व्यापारियों को खरीदी के महामुहूर्त धन तेरस का इंतजार है। दोपहिया वाहन विक्रेता विजय तांतेड़ ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में वाहनों की बुकिंग की गई है। आभूषण विक्रेता मुकेश सोनी व बर्तन विक्रेता संजय बडेरा ने बताया कि ऐसा लगा ही नही कि पुष्य नक्षत्र था। अब धनतेरस का इंतजार है।

### दिव्यांगजनों को दिया उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

**सीहोर।** दिव्यांगजनों में कौशल विकास बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया के उद्यमिता विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित 28 दिव्यांगजनों को 10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया गया।

#### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

## जिले की सड़कों से झाड़ियां हटाने का काम 3 दिवस में करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले की सभी सड़कों से झाड़ियां हटाने का कार्य तीन दिवस में किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एमपीआरडीसी व अन्य विभागों के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण है, नेशनल हाईवे से जुड़ी सभी सड़कों पर झाड़ियां हटाने का कार्य प्राथमिकता से हो। मुख्य मार्ग से कनेक्टिंग स्थल पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक भी लगाएं। जिले में जहां भी आवश्यकता हो वहां स्पीड ब्रेकर बनवाए। नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण हो तो, उसे हटवाएं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जो भी कार्यवाही की जाए, उसकी आगामी बैठक में जानकारी प्रस्तुत करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, पीडब्ल्यूडी के कुलदीप चंद्रवंशी, एमपीआरडीसी, एनएचआई के अधिकारी प्रसन्न मिश्रा, यातायात प्रभारी जगदीश यादव, अंकित श्रीवास्तव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षा उपाय एवं यातायात व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को



निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग एक दूसरे के समन्वय से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करवाएं।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करवाएं

कलेक्टर ने यातायात एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर स्कूली बसों की फिटनेस, दस्तावेज आदि जांचने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की स्कूली बसों के संचालन में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करवाएं। स्कूल स्टाफ एवं छात्रों को दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट लगाने हेतु जागरूक करें। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को चालक एवं परिचालक का नेत्र परीक्षण भी करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर एंबुलेंस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को राहवीर योजना के तहत पुरस्कृत किया जाए। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें, जिससे कि नागरिक घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए आगे आए। उन्होंने कैशलेस उपचार योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी सीएमएचओ को दिये। उन्होंने बस स्टैंड के सामाने मालीखेड़ी रोड़ पर बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के सामने पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### राहवीर योजना

सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा राहवीर योजना संचालित है। योजना के तहत जो भी व्यक्ति सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्ति को गोल्डन अवर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाएगा, उसे राज्य सरकार द्वारा 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। राहवीर योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता सुनिश्चित करना है ताकि समय पर उपचार से उनकी जान बचाई जा सके। जिले में राहवीर योजना के संबंध में एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह से संपर्क कर सकते हैं।

### कैशलेस उपचार योजना

कैशलेस उपचार योजना के तहत सरकार सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के उपचार पर अधिकतम डेढ़ लाख रुपए तक की राशि वहन करेगी। सीएमएचओ ने बताया कि योजना के तहत जिले के कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर आगर, मां पिताम्बरा हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, नवजीवन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, राम-कृष्ण हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में केशलेस उपचार सुविधा प्रदान की जाएगी।

#### तीन दिवसीय स्पर्श मेले का शुभारंभ

## दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए और सजाए गए दीपक विशेष तौर पर उपलब्ध हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पाद व उनके द्वारा किए जा रहे व्यवसाय में वृद्धि एवं विक्रय को बढ़ाने एवं प्रोत्साहन के लिए जिला मुख्यालय पर लगाए तीन दिवसीय स्पर्श मेले का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। मेले का शुभारंभ नमो गार्डन पुरानी नगर पालिका के सामने हनुमान मंदिर मेन रोड आगर पर आरआईटीएस सचिव भारत सरकार गरिमा श्रीवास्तव एवं केएल प्रदीप तकनीकी अधिकारी जल शक्ति मिशन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभारी उप संचालक विजय चौरसिया ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय निलेश झारिया ने बताया कि स्पर्श मेले में जो भी दिव्यांगजन किसी तरह के व्यवसाय संबंधी गतिविधियों या अपने उत्पाद का विक्रय स्टॉल के माध्यम से कर उसमें भाग लेना चाहते हैं, उनकी लिए निशुल्क स्टाल एवं विक्रय हेतु विभाग द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। स्पर्श मेले में दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए और सजाए गए दीपक विशेष तौर पर उपलब्ध हैं। सभी गणमान्य नागरिकगण से दिव्यांगजनों के सामर्थ्य प्रदर्शन को बढ़ावा देकर सहभागी बनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्पर्श मेले में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर एसएसओ सुषमा भिड़ौरिया, प्रशासनिक अधिकारी डीडीआरसी सहित डीडीआरसी के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## गुरुकुल में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल स्कूल में दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य पर विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रोग्राम का आयोजन रखा गया। जिसमें बच्चों द्वारा देवी देवताओं के स्वरूप के साथ विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गईं। बुधवार को विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में चेतना मनोज फ़ाफरिया एवं विशेष अतिथि गुरुकुल समिति की सदस्य रीना राजेश परमार उपस्थित रहीं।







कार्यक्रम में मां सरस्वती, लक्ष्मी एवं गणेश जी के रूप में बच्चों को तैयार किया गया। बच्चों द्वारा सेल्फ ड्राइंग, दीपक सजाओ, क्ले आर्ट और कलश सजाओ , ग्रीटिंग काड्र्स और लैंप डेकोरेशन, रांगोली और तोरण (डोर हैंगिंग) का आयोजन रखा गया था जिसमें सभी बच्चों ने आयोजित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता

**नलखेड़ा।** जिले में उर्वरक का भंडारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले के कृषक अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरक प्राप्त करें। उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में जिले में यूरिया- सहकारिता सोसायटियों में 1510 मैट्रिक टन, निजी -1669 मैट्रिक टन कुल 3179 मैट्रिक टन उपलब्ध है। डीएपी सहकारिता- 892 मैट्रिक टन, निजी-576 मैट्रिक टन कुल 1468 मैट्रिक टन उपलब्ध ही। एनपीकेएस.- सहकारिता -389 मैट्रिक टन निजी -2195 मैट्रिक टन कुल 2584 मैट्रिक टन उपलब्ध है। एमओपी सहकारिता -52 मैट्रिक टन निजी -296 मैट्रिक टन कुल 348 मैट्रिक टन उपलब्ध है। एसएसपी सहकारिता -2561 मैट्रिक टन निजी-8458 मैट्रिक टन 11019 मैट्रिक टन उपलब्ध है।

## देवास में सेवादल की प्रभावी सद्भावना संकल्प यात्रा रैली में जिलाध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव ने बताया कि देवास में सेवादल की प्रभावी सद्भावना संकल्प यात्रा रैली में सेकड़ों की संख्या में जिले से सेवादल कांग्रेस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय शिवाजी पार्क से एक सद्भावना संकल्प यात्रा देवास सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार एडवोकेट के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस यात्रा में सेवादल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व विधायक कैलाश कुंडल आदि शामिल हुए। इस अवसर पर खंगराले ने बताया कि सर्व प्रथम श्री देसाई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात यात्रा प्रारंभ होकर मल्हार समिति मंदिर पहुंची जो आम सभा के रूप में परिवर्तित हुई। यहाँ पर हजारों की संख्या में सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल भाई देसाई ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवादल एक ऐसा संगठन है, जिसने आजाद की लड़ाई में भाग लिया।

सेवादल एक अनुशासित संगठन होने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी है, जो पार्टी के लिये दिन-रात काम करता है। हमारा मकसद है देश में सद्भावना और शांति कायम करना। हमारा प्रयास होगा कि हम हर जिले में सेवादल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें एवं देश प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा तैयार कर सकें, जो साम्प्रदायिक ताकतों से डटकर मुकाबला कर देश को मजबू बनाने में अपनी अहम्‍ भूमिा निभाये। इसी के साथ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमको साम्प्रदायिक तकतों से मुकाबला कर सेवादल को मजबूत करना है। हम सबका दायित्व है कि सेवादल कांग्रेस को कन्धा से कन्धा मिलाकर उसको ताकत प्राप्त करें। कार्यक्र्रम को सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त कर सेवादल को मजबूती



प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गज्जु तिवारी इटारसी, देवास जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व महापोर जयसिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, मनोज रजानी, वसीम हूसेन, मंसूर शेख, सेवादल शहर अध्यक्ष राधाकिशन सौलंकी, गुलाब सिंह ठाकुर आदि शामिल रहे साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीहोर जिले के कर्मठ कार्यकर्ता सेवादल जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल ठाकुर, कमल सिंह पहलवान सेंधव ठाकुर मेतवाड़ा, गणेश तिवारी, डॉ. जितेन्द्र चन्द्रवंशी, धीरज सिंह ठाकुर, दीपक सोनकर, मांगीलाल टिमरई, पूर्व सरपंच नंदकिशोर मालवीय, प्रेमनारायण परमार, जसवंत सिंह, भागीरथ कटारे, नर्बदा प्रसाद बकोरिया, कमल सिंह सूर्यवंशी, रामचरण दसलानिया आदि सेवादल के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

#### सीएम ने स्वच्छता सम्मान समारोह में नपाध्यक्ष को दिया पुरस्कार

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वच्छता सम्मान को बताया क्षेत्रवासियों की जिम्मेदारी का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छ सर्वेक्षण के कारण स्वच्छता एक जन-आंदोलन बन गई है, जहां लोगों ने इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है और लगातार अपने वार्डों को साफ रखने का प्रयास करते हैं। स्वच्छता से समृद्धि आती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जन आंदोलन बनाया। जिसके कारण आज सीहोर शहर के लिए गौरममय क्षण है कि स्वच्छता सम्मान के लिए प्रदेश में नगर पालिका में हम सबकी नगर पालिका अव्वल आई है और आगामी दिनों में सामूहिक प्रयास से देश में प्रथम आऐंगे। उक्त विचार नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहे।

मंगलवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में सीहोर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एवं राज्य मंत्री प्रतिमा




बागरी द्वारा पुरस्कृत दिया गया। यह पुरस्कार सीहोर स्वच्छता में 6वां स्थान एवं नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान आने हेतु प्राप्त हुआ है। यह सम्मान सीहोर नगर की देवतुल्य जनता, परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, स्वच्छता सभापति एवं पार्षद साथी मुकेश मेवाड़ा, स्वच्छता अधिकारी अमित यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुरस्कार ग्रहण करने के पश्चात नपाध्यक्ष श्री राठौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सब मिलकर स्वच्छ सीहोर, सुंदर सीहोर के संकल्प को आगे बढ़ाएं। कचरा प्रबंधन को लेकर सकारात्मक सोच के साथ काम करते रहेंगे।

वहीं नगर पालिका सीएमओ श्री सिंह ने कहाकि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता का भी प्रतीक है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मकसद लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। घर, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ रखने और इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रेरित किया।

## मुंगावली की दिव्यांग छात्रा ने राज्य स्तर पर अपना परचम लहराया

**सीहोर।** निरंतर प्रयास, दृढ़ निश्चय, लगन, आत्मविश्वास के बल पर असंभव को भी संभव किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण मुंगावली की मूक बधिर छात्रा नेहा कुशवाहा है। जिसने नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में एकल अभिनय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संभाग व जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग संयुक्त संचालक, विधायक, सांसद दर्शन चौधरी, शा उमा वि प्राचार्य अर्चना मिश्रा द्वारा छात्रा को पुरस्कृत किया गया!

इस मूक बालिका की आवाज बनी शिक्षिका ज्योति त्यागी जिन्होंने अपनी सकारात्मक सोच से इस बालिका के आत्मविश्वास को बढ़ाया और इस बालिका को राज्य स्तर तक पहुंचने में अपना मार्गदर्शन दिया, ऐसे शिक्षकों को नमन! नेहा के पिताजी रामचंद्र कुशवाहा एक मजदूर है। उन्होंने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए




शिक्षिका ज्योति त्यागी, जितेंद्र बड़ोदिया, पूजा गांधी व स्टाफ सदास्यो को धन्यवाद प्रेषित किया व संस्था प्राचार्य संस्था आर डी सोलंकी, राजेश कसोटिया, भैरव सिंह शाक्य, रितेश राठौर, ओपी शर्मा, अंजू डोग्ने, प्रमोद खत्री, रेखा विश्वकर्मा, सुनीता भदोरिया, घनश्याम डोग्ने, घनश्याम मोहनिया, मुकेश सिसोदिया, देवेंद्र, हेमंत, गौरीशंकर द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप



### भावांतर योजना में पंजीयन कराने की किसानों से की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में भावांतर योजना में सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की है, कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, एमपी ऑनलाइन तथा एमपी किसान एप के माध्यम से भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराएं। ताकि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिल सके। पंजीयन के लिए पंजीयन केंद्र जाते समय किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी तथा सिकमीदार किसान अपना आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, वन पट्टा तथा सिकमी अनुबंध की प्रति साथ लेकर जाएं।

**भाजपा जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत:** स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता संपन्न हुई

# भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है: प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। पत्रकार वार्ता में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि कर की गई। इसके पश्चात मुख्य वक्ता रजनीश अग्रवाल का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा व सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इसके बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए रजनीश अग्रवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जाता है, आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रत्येक भारतीय को हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया है। रजनीश जी आगे कहा कि भारतवर्ष तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की और तेजी से अग्रसर है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पहले हम विश्व में दसवें स्थान पर थे लेकिन मोदी जी के






प्रधानमंत्री बनने के बंनने के बाद हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने फिर चौथे स्थान पर आए। अब हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। भारत स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने की बजाय अब अपनी जडों को पहचान रहे है। भारत ने पूरे विश्व में योग दिवस के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने का कार्य किया है। भारत योग के माध्यम से लोगों को आरोग्य रखने का पताका पूरे विश्व में फहरा रहा है। भारत आज अपने गौरवशाली इतिहास के साथ आगे बढ़ रहा है। हम इतिहास पर नजर डालें तो हमें देखने को मिलता है कि 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में स्वदेशी आंदोलन ने बंगाल विभाजन के विरोध में बहिष्कार से लेकर महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों तक, स्वतंत्रता संग्राम में ऊर्जा भर दी थी। प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया अभियान, स्टार्टअप इंडिया अभियान ने भी भारत को आत्मनिर्भरता के लिए बल प्रदान किया है। ₹वोकल फॉर लोकल₹ जैसे नारे ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है। हमारी शक्ति, हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाईयों तक ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी जी आम जनों के जीवन की कठिनाईयों को कम करने के लिए प्रयासरत है पहले लोग पैसे के अभाव में बेहतर इलाज नहीं करा पाते थे लेकिन आयुष्मान योजना में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इसी के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी हमारी सरकार काम कर रही है। भारत पहले रक्षा उपकरणों के मामले में पूरी तरह दूसरे देशों पर आश्रित था लेकिन आज भारत रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी अपना रहा है। पहले रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे जबकि आज हमारे बड़े पैमाने पर रक्षा उपकरणों को विश्व में निर्यात कर रहे है आज हम पूरी तरह से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गए है। कांग्रेस सरकार में रक्षा सौदों में दलाली खाई जाती थी हमारी सरकार में रक्षा सौदों को पूर्ण पारदर्शी तरीके से किया जाता है। पिछले दिनों पाकिस्तान के आतंकी क्षेत्रों में हमारी सेना ने स्वदेशी उपकरणों से हमला किया जिसमें ड्रोन से लेकर ब्राम्होस मिसाईल तक स्वदेशी थी। कृषि उत्पादन के मामले में भी हम अब स्वदेशी हो चुके है जिससे कृषि उपकरणों की कीमत कम हो गई है। इस कारण अब हमारा निर्यात भी काफी हद तक बढ़ा है। कोविड जैसी वैश्विक बीमारी में भी हमने स्वदेशी वैक्सीन व पीपीई किट का निर्माण किया जिससे देश में बड़े पैमाने पर जनहानि होने से हमने लोगों को बचाया इसी के साथ हमने 100 से अधिक देशों को ₹ वैक्सीन मैत्री₹ के तहत वैक्सीन का निर्यात किया। भारत आज दवाईयों का सबसे बड़ा निर्यातक है। ऑटो मोबाइल क्षेत्र में भी भारत सबसे बडा.निर्यातक है। विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना ही होगा । और भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व हमारे MSME's यानी हमारे लघु, मध्यम और कुटीर उद्योगों पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है। जो हम देश में ही बना सकते है। वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी दरों में कटौती होने से हमारे MSME's , कुटीर व लघु उद्योगों को बहुत फायदा होगा क्योंकि बड़े पैमाने पर स्वदेशी वस्तुओं की मांग होने से उनका उत्पादन भी बढेगा ।


आत्मनिर्भर भारत बनने का संकल्प केवल भाजपा का संक़ल्प नहीं है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का संकल्प है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, आत्मनिर्भर भारत टोली संयोजक डॉ गगन नामदेव उपस्थित रहें।

## खेल मैदान की दुर्दशा, खिलाड़ियों का जज्बा घास में दबा गया









हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी नगर खैल मैदान की व्यवस्था बिल्कुल ही खराब है वहां खेल सुविधाओं की हालत बेहद खराब है। वॉर्ड क्रमांक 13 स्थित दशहरा मैदान में महीनों से सफाई नहीं हुई है। मैदान में उगी घास और गंदगी के बीच स्थानीय खिलाड़ियों का अभ्यास ठप पड़ गया है। स्थानीय खिलाड़ी अनुज ठाकुर ने बताया कि "मैदान की सफाई न होने से खेलना मुश्किल हो गया है, विभाग को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।" उन्होंने यह मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर दर्ज कराया (शिकायत क्रमांक 34908993 दिनांक 15 अक्टूबर 2025), लेकिन अब तक निराकरण नहीं हुआ। बहुत ही सुंदर खेल स्टेडियम बनकर तैयार हुआ था लेकिन अब यह कंडीशन है कि खेल मैदान में जगह-जगह कचरा एवं दारू की खाली बोतल के साथ-साथ कांच के टुकड़े पड़े हुए मिलते हैं और स्टेडियम में लगे खिड़की दरवाजे सहित अन्य चीज को आसामाजिक लोगों द्वारा तोड़ पोड कर दी गई है। लेकिन इस और भी कोई ध्यान देने वाला नहीं है इससे थकहार कर खिलाड़ियों ने अब सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है उन्हें आशा है कि सीएम हेल्पलाइन से शिकायत होने के बाद व्यवस्थाएं सही हो जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि "खेल ही युवाओं को नशे और गलत रास्तों से बचाते हैं, लेकिन जब मैदान ही बंद पड़े हों तो युवा कहाँ जाएँ जनता की मांग है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग तत्काल हस्तक्षेप करे, मैदान की सफाई, घास कटाई और खेल सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि रेहटी और आसपास के गांवों के खिलाड़ी फिर से अभ्यास शुरू कर सकें।

## दीपावली के पश्चात बीएसआई मैदान पर खेली जाएगी जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मैदान तैयारियां अंतिम चरण में है। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में मैदान का समतलीकरण आदि किया किया जा रहा है।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार को मैदान पर एकलव्य अकादमी और पीपीसीए अकादमी के द्वारा यहां पर मौजूद खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया गया। इस दौरान कोच ने मैदान पर क्रिकेट की गतिविधि में खिलाड़ियों का मैदान पर दौड़ना, बल्लेबाजी करना, गेंदबाजी करना और क्षेत्ररक्षण करना शामिल है। इनमें गेंदबाज का गेंद फेंकना, बल्लेबाज का उसे शॉट लगाकर रन बनाने का प्रयास करना, और क्षेत्ररक्षकों का गेंद को रोकने और वापस फेंकने के लिए दौड़ना और पोजीशन लेना शामिल है। इसके अलावा एक हाथ से गेंद उठाकर एक ही बार में फेंकने का अभ्यास करें।

कम दूरी से शुरुआत करें और लगातार, सहज थ्रो करने का लक्ष्य रखें। इससे आप मांसपेशियों की याददाश्त विकसित कर रहे हैं, जिससे आप वास्तविक खेल के दौरान तेज़ और ज़्यादा सटीक थ्रो कर पाएँगे।

## नकली खाद बेचने व रखने में 5 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**राजस्व व कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई नकली खाद बेचने बालों पर गोपालपुर थाने में हुआ मामला दर्ज**


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नकली खाद की बेचने वाले 3व रखने में दो लोगों पर गोपालपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। कृषि विभाग के अधिकारी व राजस्व की संयुक्त कार्रवाई व मौका मुआयना कर शिकायतकर्ता के बयान जांच रिपोर्टलेकर गोपालपुर थाना पहुंचे जिसमें पांच लोगों प्रकरण दर्ज कराया गया।

मामला शुक्रवार को भैरुंदा क्षेत्र के निमोटा एवं महागांव कदीम में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ,नकली खाद की 210 कट्टी जब्त की है। तहसील की ग्राम पंचायत नीमोटा के सरपंच वीरेन्द्र सिंह की सूझबूझ व सतर्कता से नकली खाद बेचने वाले गिरोह भंडाफोड़ हुआ। शुक्रवार की सुबह उनके घर तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी जिला नरसिंहगढ़, एवं अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा नकली खाद खपाने पहुंचे थे। ऊपर से ब्रांड उत्तम शक्ति पॉवर के नाम से दिखाई देने वाली खाद की कट्टी को सरपंच वीरेंद्र सिंह ने जब खोलकर देखा तो अन्दर कोयला रखा मिट्टी युक्त खाद निकला। उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग से नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी ,कृषि विभाग बीएस राज,अधिकारी कर्मचारी ने खाद की कट्टी देखी जिसमें पाया उर्वरक कोयले की राख युक्त नकली खाद निकला। सरपंच ने एक ओर जानकारी देते हुए बताया महागांव कदीम में किसान सालिगराम के घर बने गोदाम में भी नकली खाद पाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों गोदाम मालिक से पूछताछ की तो सालिकराम ने बताया पुष्पेंद्र राजपूत,अजय राजपूत के साथ कैलाश राजपूत मेरे पास आए थे। उन्होंने 700 खाद की कट्टी गोदाम में रखने के लिए 5हज़ार रुपए देने की बात कही थी। नहीं पता था कि नकली खाद है। गोदाम में रखी 500कट्टी खाद बेच दी। 210कट्टी बची है। दो लोगों को नहीं जानता हु। पुष्पेंद्र राजपूत निवासी निमोटा के कहने पर गोदाम में खाद रखवाया था। इधर नकली खाद बेच रहे अजय राजपूत एवं तेजपाल सिंह राजपूत मौका देख फरार हो गए।

किसानों को 700 बोरी नकली खाद में 500 बोरी पहले ही ग्रामीण क्षेत्र में खपाई जा चुकी थीं। तो वहीं खाद की बोरी पर 'उत्तम शक्ति' ब्रांड लिखा था, लेकिन जांच में बोरी के अंदर राखनुमा पाउडर निकला। एक बड़ी धोखाधड़ी का करने बालों खुलासा करते हुआ। वहीं नकली खाद बेचने वाले आरोपी मौके से फरार हो थे। कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें राजस्व विभाग नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, कृषि विभाग के अधिकारी बीएस राज सहित कर्मचारी शामिल थे।

### इन पांच लोगों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी नरसिंहगढ़, अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा, कैलाश राजपूत निवासी विदिशा, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत निवासी निमोटा, सालिकराम निवासी महागांव कदीम

कृषि विस्तार अधिकारी भैरुंदा बीएस राज ने बताया कि किसानों को नकली खाद बेचने पांच लोगों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कराया गया है। आगे की जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।

**बड़ी बीड़ बावड़ियांचोर प्राइमरी स्कूल में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में धांधली**

# स्कूल प्रभारी ने अपनी अयोग्य बेटी को अतिथि शिक्षक के पद पर किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

बावड़ियां चोर के बड़ी बीड़ प्राइमरी स्कूल में पिछले दिनों अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में की गई गड़बड़ी की शिकायत के दो सप्ताह बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित आवेदक ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है ।

आवेदक का कहना है कि उक्त स्कूल प्रभारी ने नियमों के विरुद्ध अपनी बेटी को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त कर लिया , जबकि संबंधित महिला के पास निर्धारित योग्यताएं नहीं है। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रभारी ने योग्य और स्कोर कार्ड में अधिक नंबर वाले आवेदकों को नियुक्ति नहीं दी गई। इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र आवेदक को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति देने की मांग की गई थी। लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक न तो उक्त अतिथि महिला को हटाया गया है और न ही




आरोपी शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई हो पाईं है।

मंगलवार को गांव ब्रिजीशनगर निवासी आनंद राठौर ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जन सुनवाई में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आवेदक ने बताया कि ब्रिजीशनगर संकुल के तहत आने वाले बावड़ियां चोर प्रायमरी स्कूल बड़ी बीड़ में अतिथि शिक्षक वर्ग 3 का एक पद रिक्त था। इसके लिए आवेदक आनंद राठौर सहित कुछ अन्य अभ्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन स्कूल प्रभारी प्रकाश राठौर द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों को दरकिनार करते हुए अपनी ही बेटी की उक्त पद पर अवैध तरीके से नियुक्ति कर दी गई। जबकि अन्य अभ्यार्थियों के पास निर्धारित योग्यता होने के साथ ही स्कोर कार्ड में संबंधित महिला से अधिक नंबर है। आरोपी स्कूल प्रभारी ने उक्त आवेदकों को आमंत्रित किया और ना ही उन्हें किसी प्रकार की जानकारी दी गई। ज्ञापन में आवेदक ने कहा कि इस मामले की शिकायत संकुल प्राचार्य और बीईओ को लिखित रूप से की गई , लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित आवेदक ने ज्ञापन में कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं उक्त अतिथि शिक्षक के पद पर योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति करने की मांग की है।

### वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा चुका है प्रतिवेदन

इस संबंध में संकुल केंद्र ब्रिजीशनगर बीएल मालवीय ने बताया कि बावड़ियां चोर के प्राथमिक विद्यालय बड़ी बीड़ में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में की गई धांधली की जांच कर प्रतिवेदन डीईओ कार्यालय को भेजा जा चुका है। आरोपी स्कूल प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई डीईओ कार्यालय से ही होना है।

## चंद्रपाल सिंह दरबार बने सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर के समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता चंद्रपाल सिंह दरबार को सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की मुख्य केंद्रीय कमेटी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दरबार की नियुक्ति पर क्षेत्र के समाजजनों में हर्ष का माहौल है।

पिछले दिनों उज्जैन स्थित श्री राम मंदिर धर्मशाला में सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की मुख्य केंद्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आठ तहसील एवं तीन जिलों से आए समाजजन शामिल हुए। इस दौरान समाज की व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा कर उन्हें दूर करने के प्रयासों एवं सामाजिक धर्मशाला का आय व्यय, साफ सफाई , धर्मशाला में हो रहे निर्माण कार्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नए कार्य हेतु प्रस्ताव पास किये । इसी दौरान वरिष्ठ समाजसेवी व केंद्रीय कमेटी के सदस्य रहे युवा चंद्रपाल सिंह दरबार ठिकाना झालकी तहसील इछावर को समाज की मुख्य केंद्रीय कमेटी मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई। इस अवसर पर



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह उज्जवल हाटपिपलिया, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर अरनिया राम , उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राणा, मुर्मिया बड़ा,आष्टा तहसील अध्यक्ष, जीवन सिंह ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, सचिव पद पर विश्राम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष चंदर सिंह ठाकुर , धीरज सिंह ठाकुर आष्टा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, और हमारा पूरा प्रयास है कि सिंहस्थ तक सभी कार्य पूर्ण हो जाए। साथ ही सचिव कृपाल सिंह अगेरा ने अभी तक हुए कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी। प्रबंधक धीरज सिंह ठाकुर ने आवक जवाक बताई। बैठक का संचालन सुरेंद्र सिंह सोनगरा द्वारा किया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह दरबार ने सभी को समाज हित में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं समाज हित में नए सदस्यों को जोड़ने की बात कही ।

## खबर संक्षेप

### हेड कांस्टेबल को एसपी ने किया निलम्बित

**ललितपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लेते हुये एसपी मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इसके अलावा एसपी के आदेश पर हे.कां. दिनेश अवस्थी के खिलाफ विभागीय जांच भी प्रचलित की गयी है। पूरे मामले की जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 23 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थियों ने सीखे आपदा के दौरान बचाव के गुर

**विदिशा।** मंगलवार को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गंजबासौदा में आपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई है। डूबते व्यक्ति को बचाने की तकनीक एवं स्वयं की सुरक्षा उपाय सर्पदंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ साथ विद्युत करंट लगने पर प्राथमिक उपचार की विधि तथा सीपीआर का लाइव प्रदर्शन किया गया था।

### कॉलेज में वेबिनार का आयोजन किया गया

**गुलाबगंज।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय वेबिनार हुआ। इसका विषय जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता था। इस दौरानमहाविद्यालय की प्रभारी प्रचार डॉक्टर मणिमोहन मेहता तथा संयोजक डॉक्टर देवराज सिंह मौजूद रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय ईट नगर अरुणाचल प्रदेश तथा डॉक्टर संदीप सराफा उप ग्रंथपाल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ संजीव कुमार जैन, डॉक्टर रवि शर्मा, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर वारिस जैन आदि ने तकनीकी सत्र में अपनी शोध पत्रों का वाचन किया।

### विदिशा ने जीता संभागीय प्रतियोगिता का खिताब

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभागीय स्तर अंडर-17 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक एसएटीआई के खेल परिसर में संपन्न हुई। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और सीहोर की टीमों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच विदिशा और भोपाल के बीच खेला गया। भोपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

---

### नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के उप चुनाव के लिए 26 वार्डों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

# शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत वोट पड़े, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर रहे सुरक्षा के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंधों के बीच बुधवार को नगर पालिका परिषद के उप चुनाव को लेकर शहर के सभी 26 वार्डों में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। नगर पालिका परिषद उप चुनाव के लिए अपराह्न 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम छह बजे तक मतदान जारी था। व्यापक चुनावी प्रबंध एवं अभूतपूर्व सुरक्षा बंदोबस्तों के बीच निकाय चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से प्रारम्भ हुई। नगर पालिका परिषद उप चुनाव में मतदान प्रक्रिया निर्वाध गति से सम्पन्न कराने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं में जुटा रहा। सुबह मौसम थोड़ा बहुत सर्द और फिर गर्म रूप में रहा, जिसके चलते मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। जैसे-जैसे सूरज की तपिश तो बढ़ी, लेकिन मतदान प्रतिशत में खास उछाल नहीं आ सका। सुबह 7 से 9 बजे तक हुये मतदान का प्रतिशत प्रशासन द्वारा 4.6 प्रतिशत बताया गया, जो काफी कम रहा। इसके अलावा सुबह 11 बजे तक 11.29 प्रतिशत मतदान हो सका। इसके बाद अपराह्न 1 बजे तक 21.3, अपराह्न 3 बजे तक 29.14 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ था। इसके बाद शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इसके बाद भी कई केन्द्रों पर मतदाता मौजूद थे, जिनके मत डलवाने की प्रक्रिया जारी रही। मतदान प्रतिशत में मतदाताओं का रूझान न होने से तमाम विसंगतियों की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। मतदान की इस स्थिति को देखकर राजनैतिक विशलेषकों के आंकड़ों में भारी उलटफेर होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

सुबह 7 बजे से ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नगरीय क्षेत्र के आमतौर पर सभी बूथों पर मतदाताओं की भीड़ उमडन्ना शुरू हो गई थी, लेकिन कुछ ही देर बाद बढ़ती-घटती रही। सुबह से ही मतदाता काफी कम संख्या में मतदान के लिए पहुंचते रहे। इसके अतिरिक्त पर्याप्त मतदान केन्द्रों पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। नगर पालिका परिषद उप चुनाव को लेकर संवेदन व अति संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित कर लिये गये थे तथा सभी जगह मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सख्ती देखी गयी। मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रेक्षक/अपर आयुक्त झांसी उमाकांत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सहित सभी परगनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व पर्यवेक्षक पुलिस बल के साथ मतदान केन्द्रों का निरंतर भ्रमण करते रहे। वैसे भी सुरक्षा के ऐसे इंतजाम किये गये थे कि बिना इजाजत के परिन्दा भी मतदान केन्द्रों पर पर नहीं मार सका। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में बाहरी जनपदों की तैनाती की गयी थी। सभी मतदान केन्द्रों पर पुलिस सुरक्षा बल के जवान पूरी तरह से मुस्तैद रहे तथा मतदान केन्द्रों के आस-पास समर्थकों व मतदाताओं की भीड़ जमा नहीं होने दी गई। वैसे भी सुरक्षा के कड़े इंतजामों को देखकर खुरापाती तत्वों के हौंसले पस्त पड़े दिखायी दिए तथा नगर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गयी। मतदान को लेकर नगर को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इसके अलावा मार्ग पर जगह-जगह वाहनों की जांच की जा रही थी।

#### महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

चौबयाना स्थित श्रीरघुनाथ जी मंदिर के चबूतरे पर कुछ महिलाओं की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुयी, जिसमें महिलाएं भजन-कीर्तन करतीं हुयी नजर आयी। इस भजन कीर्तन के पीछे खास वजह यहां सत्तादल के कद्दावर नेताओं के देर समय तक जमे रहना बताया जा रहा था।

#### 2 घंटे से चौबयाना में डटे रहे राज्यमंत्री

सूबे में सत्तादल के राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना, जो कि विधायक सदर के आवास का क्षेत्र हैं, तो वहीं यहां से सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का भी आवास है, लिहाजा यह क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जा रहा था। इस लिहाज से भी यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि राज्यमंत्री ने दो घण्टे से अधिक का समय इसी वार्ड में व्यतीत किया।

#### मतदाता पर्चियों को लेकर बनी ऊहा-पोह की स्थिति

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर उप चुनाव की मतदान प्रक्रिया के दौरान कई मतदाताओं तक मत पर्ची नहीं पहुंची, जिस कारण मतदाताओं में रोष दिखायी दिया। तो वहीं मतदान केन्द्रों के बाहर तमाम राजनैतिक दलों के लगाये गये शिविरों से मतदाता अपनी-अपनी मतदाता पर्ची बनवाते देखे गये।

#### चार प्रत्याशी रहे चुनावी मैदान में

इस उपचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें सत्तादल भाजपा से सोनाली जैन, सपा-कांग्रेस गठबंधन से प्रत्याशी नीलम चौबे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाजरीन बानो व मीना राजा शामिल हैं। सभी प्रत्याशियों की किस्मत मत पेटियों में बंद हो गया है। यह उपचुनाव वर्ष 2023 में विजयी रही भाजपा की सरला जैन के निधन के कारण कराया जा रहा है। उनका 24 जून 2025 को बीमारी से निधन हो गया था। पार्टी ने इस बार उनकी बहू सोनाली जैन पर दांव लगाया है।

---

थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया जागीर में वारदात

## जबरन खेत जोतने पर विवाद में की गई मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया जागीर में रहने वाले बुन्देल पुत्र सुजान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम करीब 4 बजे वह अपने भाई मर्दन सिंह, नन्दराम, दीपक पुत्र अरविन्द को भारत सिंह पुत्र हरचरन बुवाई करके गांव वापस आ रहा था, तभी बड़े राजा के मकान के सामने प्रकाश, भारत व इनके परिवार को तेज सिंह पुत्र हरचरन, पंकज पुत्र प्रकाश, जयपाल पुत्र रामानन्द, कपिल पुत्र दयाराम मिले और जबरन खेत में जुताई व बुवाई की बात कराते हुये गालियां देने लगे। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी कुंवरबाई बीच-बचाव करने पहुंची तो जयपाल का भाई संदेश भी आ गया और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3), 352, 115 (2) व 191 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पुत्र के गुमशुदा होने की सूचना दर्ज

खुशबू गार्डन के पास नेहरू नगर निवासी नाजिर अली पुत्र साबिर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका तेरह वर्षीय पुत्र बीते 13 अक्टूबर को सुबह 09 बजे घर से कहीं चला गया है। बताया कि उसने काफी खोजबीन की और मोहल्ले, रिश्तेदारी में भी जानकारी की। लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी की सूचना बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत दर्ज कर ली है।

### खाद्यान्न लेने गये युवक पर हमला

निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले जगदीश पुत्र हरनाम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह राशन की दुकान पर खाद्यान्न लेने के लिए गया हुआ था, तभी गांव के रामसेवक व मनोज पुत्रगण गुलाब आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर रामकिशोर पुत्र कनई कुशवाहा, दुर्गा पुत्र पुट्टन कुशवाहा ने आकर बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने यह भी बताया कि 14 अक्टूबर को अपराह्न ड़ेढ़ बजे उक्त लोगों ने फिर से हमला कर दिया, जिससे और जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

मथुरा के महंत का शिकायती पत्र

## सफारी बेचने का झांसा देकर सात लाख रुपए हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

मथुरा अंतर्गत विन्द्रावन धाम में रहने वाले महन्त महाराज ब्रजकिशोरदास ने डीआईजी झांसी को एक शिकायती पत्र दिया है। पत्र में उन्होंने धोखाधड़ी कर कार के नाम पर सात लाख रुपये हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। महन्त ब्रजकिशोरदास महाराज ने डीआईजी को अवगत कराया कि उनका भांजा रामकृष्ण दुबे पुत्र संतोष दुबे जो कि ललितपुर के मोहल्ला आजादपुरा रिशाला मंदिर के पास निवासरत है। ने उन्हें वर्ष 2023 के जून माह में फोन करके बताया कि एक सफारी गाड़ी नं. यू.पी.94 क्यू 8405 में मोहल्ला रामनगर निवासी रोहित राठौर पुत्र सुशील राठौर की है, जो कि उक्त गाड़ी को सात लाख रुपये में बेच रहा है। रामकृष्ण की बात पर उन्होंने विश्वास किया, रामकृष्ण दुबे ने उनकी बात रोहित राठौर से करायी, तब उन्होंने गाड़ी देखने की बात कही। जून माह के अंतिम सप्ताह में वह ललितपुर पहुंचे और गाड़ी देखी। रुपये भेजने के बाद अक्टूबर 2023 में गाड़ी ट्रांस्फर की बात कही गयी। महन्त ने बताया कि उन्होंने 10 जुलाई 2023 को एसबीआई बैंक खाता से सात लाख रुपये अंकित राठौर के खाता में ट्रांस्फर कर दिये। इसके बाद विक्रय पत्र लिखकर उन्होंने ट्रांस्फर कुछ दिनों बाद करने की बात कही। अक्टूबर माह में जब उन्होंने गाड़ी सुपुदर्गी करने की बात कही तो रोहित ने पारिवारिक विवाद होने का हवाला देकर टाल दिया। लगातार बात करने पर उन्होंने टाल दिया और 15 मई 2025 को रोहित राठौर की इलाइट चौराहा स्थित दुकान पर अपराह्न करीब 12 बजे पहुंचे, जहां रोहित राठौर, रामकृष्ण दुबे व अंकित राठौर मिले, जिन्होंने न तो गाड़ी दी और न ही रुपये वापस किये। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। महन्त ने आरोप लगाया कि संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। महन्त की तहरीर व डीआईजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया

## दबंग ने दुकान पर बैठी मां से की मारपीट स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैराडांग में रहने वाले मनोज कुमार पुत्र नाथूराम साहू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी मां अपनी निजी दुकान पर बैठी थी। तभी शाम करीब पौने सात बजे गांव के इन्द्रपाल सिंह उर्फ भूरे राजा पुत्र प्यारेराजा ठाकुर आये और बिना बात किये ही माता-पिता को गालियां देने लगा। मां ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। वहां लोगों ने उसकी मां को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। आरोप है कि जब वह थाने में शिकायत दर्ज कराने जा रहा था तो उक्त लोगों ने धमकाते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इन्द्रपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हिट एंड रन को लेकर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** ग्राम खिरिया छतारा में रहने वाले मर्दन पुत्र हल्के साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अक्टूबर की सुबह करीब पौने आठ बजे उसका दामाद गंगाराम पुत्र बिहारीलाल व राजेश पुत्र कंछेदी कुशवाहा अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.जे. 2064 से अपने बिरधा स्थित घर से खेत देखने जा रहे थे। तभी सागर की ओर से आ रही छाबड़ा बस संख्या यू.पी.93 बी.टी. 1737 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुये पीछे से टक्कर मारते हुये रौंदता चला गया। छाबड़ा बस की टक्कर से उसका दामाद गंगाराम व साथ में सवार राजेश की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना को अंजाम देकर भाग रही बस को लोगों ने पीछा करके पकड़ा तो ड्राईवर बस खड़ी करके खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नशे की लत लगाकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम चिगलौआ बुरौगांव में रहने वाले अंकित पुत्र स्व.राजू रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसे करीब 2 वर्ष पहले जयप्रकाश पुत्र किशोरीलाल ने दारू गांजा के नशे में बिगाड़ कर उसके साथ मारपीट कर मेंटल डिस्टर्व कर दिया था। उसके इलाज में काफी रुपये खर्च हो गये हैं। बताया कि 12 अक्टूबर को जयप्रकाश ने उसे व उसके भाई कमल रजक को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसका हाथ टूट गया है। मामले की शिकायत उसने डायल 112 पर दी और कार्यवाही नहीं होने पर अब वह परेशान है। आरोप है कि जयप्रकाश उसे आये दिन जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जयप्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

---

## ट्यूब टायर की दुकान में लगी आग, चार लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सागर पुलिया क्षेत्र में मंगलवार को एक टायर-ट्यूब की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का नया माल जलकर खाक हो गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर पुलिया पर स्थित दयाराम की टायर-ट्यूब की दुकान से धुआं उठता देखा गया। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और दुकानदार को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान संचालक दयाराम ने बताया कि आग लगने से ठीक एक दिन पहले ही दुकान में नया माल आया था। दयाराम के अनुसार आगजनी में करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि दो साल पहले भी उनकी दुकान में चोरी हुई थी, जिसमें लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ था। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। आग लगने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट का लगाया जा रहा है।

---

## 27 साल पुरानी खस्ताहाल पुलिया बन रही हादसों का कारण

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र की जनता आज भी बदहाल सड़क व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता की मार झेल रही है। ग्यारसपुर, गुलावरी, भिदवासन, सनाई, गंजबासौदा मार्ग पर स्थित फुर्तला ग्राम के पास नाले पर बनी पुलिया पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वर्ष 1997 में बनी यह पुलिया अब कभी भी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज तक इसका न तो सर्वे किया गया और न ही कोई मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। मासेर के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल लोधी ने बताया की ग्यारसपुर से बासौदा की दूरी इस मार्ग से मात्र 32 किलोमीटर है, जिसके चलते यह मार्ग आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क पर दो बार डामरीकरण किया जा चुका है और दो-दो टेंडर पास हुए, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि पुलिया निर्माण को आज तक अनदेखा किया गया। यह समझ से परे है कि सड़क तो दुरुस्त की जा सकती है, लेकिन पुलिया नहीं।



अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और कोई हादसा हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। क्षेत्रीय जनता ने माननीय विदिशा कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि तत्काल पुलिया का सर्वे कर नया पुल स्वीकृत किया जाए, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी जाएगी।

---

## एनएचएआई के आरोपों पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया पलटवार, कहाः तथ्यहीन और भ्रामक हैं सभी दावे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर एनएचएआई द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा 11 अक्टूबर को एनएचएआई द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह असत्य, भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वास्तविक स्थिति को छिपाया जा रहा है तथा राजनीतिक और ठेकेदारों के दबाव में गलत बयान जारी किया गया। उन्होंने बताया कि वर्षा से पूर्व ही एजेंसी द्वारा स्थल पर खूंटी गाड़ दी गई थी और 5 अक्टूबर को कार्यस्थल पर लेआउट भी डाल दिया गया था, जिसकी सूचना और दस्तावेज दोनों उपलब्ध हैं। ऐसे में कार्य में बाधा डालने का आरोप निराधार है। इससे पूर्व भी संबंधित भूमि पर कार्य किया जा चुका है। अतः यह कहना कि भूमि स्वामी ने प्रवेश बाधित किया, तथ्यहीन और मनगढ़ंत है। अब तक एनएचएआई और एमपीपीटीसीएल द्वारा जारी सभी नोटिस केवल सर्वे नंबर 480/1/1 के नाम पर ही दिए गए हैं। 7 अक्टूबर को तहसीलदार द्वारा भी इसी सर्वे नंबर का नोटिस जारी किया गया, जबकि सीमांकन हुआ ही नहीं था। लगातार बारिश के कारण खेत में प्रवेश भी संभव नहीं था।

### मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया अधूरी

उन्होंने आरोप लगाया कि मुआवजा निर्धारण का कार्य राजस्व निरीक्षक और रजिस्ट्रार की उपस्थिति में होना चाहिए था, किंतु ऐसा नहीं किया गया। संबंधित भूमि वार्ड क्रमांक 37 में स्थित है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी हुई है। नियमों के अनुसार यहाँ 8000 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से दोगुना मुआवजा बनता है, परंतु प्रशासन ने बिना सीमांकन और बिना राजस्व विभाग की उपस्थिति के मुआवजा तय कर प्रक्रिया का उल्लंघन किया।

**टावर के तकनीकी विकल्पों पर प्रश्नः** एनएचएआई का दावा है कि केवल "लैटिस टावर" ही उपयुक्त है, जबकि तकनीकी रूप से मोनोपोल टावर या समान चौड़ाई वाले नेरोबेस टावर भी लगाए जा सकते हैं। मोनोपोल टावर की लागत अधिक आने से ठेकेदारों ने इसे जानबूझकर नज़रअंदाज किया, जिससे भूमि का अधिक भाग अनुपयोगी बना दिया गया। रघुवंशी ने सवाल उठाया कि क्या भविष्य में विदिशा में कभी मोनोपोल टावर नहीं लगाए जाएंगे?

**कार्यस्थल चयन और प्रशासनिक दबावः** उन्होंने कहा कि टावर को सिफ्ट करने की जरूरत केवल इसलिए पड़ी क्योंकि नई सड़क की सतह और बिजली तारों के बीच पर्याप्त क्लियरेंस नहीं था। यदि टावर की ऊँचाई बढ़ा दी जाती, तो समस्या सुलझ जाती।

### आयुष्मान के लिए पहुंची टीम ने भी पाई थीं कई अस्पताल में कई तरह की कमियां

# आरोग्यम में सुविधाओं का सिर्फ प्रचार, कहीं जिक्र नहीं कब और कौन डॉ करेगा जांचें







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले भर में झोलाछाप डॉक्टर्स के नाम पर की जा ही कार्रवाई में संबंधित क्लीनिक के कथित डॉक्टर की डिग्री, डिप्लोमा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा चेक किए जा रहे हैं और यह प्रकिया सतत चलना भी चाहिए। परंतु जिन क्लीनिक पर कार्रवाई की जा रही है वह कब पुनः संचालित होने लगते हैं इस पर भी संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को उत्तरदायी होना होगा। इनको कौन पहले नजरअंदाज करता है और फिर दिखावे के लिए इसी तरह की कार्रवाई की जाती है। कितनी पैथालॉजी और मेडिकल स्टोर अभी भी अमानक स्तर के होते हुए भी संचालित हो रहे हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ही कटघरे में नजर आ रहे हैं। क्या जिला मुख्यालय पर व जिले भर में संचालित हो रहे अमानक अस्पताल जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रहे और कितने डॉक्टर हैं जो सरकारी अस्पताल में डॉक्टर होने के बाद भी अपनी क्लीनिक और हॉस्पिटल बिना अनुमति के संचालिक कर रहे हैं। ओपीडी में भी कई डॉक्टर बैठने का नाम नहीं ले रहे सिर्फ दिखावे के लिए अपने भर्ती पेसेंट को देखने ही अस्पताल का राउंड लगाते हैं। इसी को वह ओपीडी की ड्यूटी मानते हैं। आम मरीज को आज भी परेशानी ही हाथ लगती है।

#### जिला मुख्यालय पर ही चल रहा भ्रामक प्रचार वाला अरोग्यम अस्पताल

इधर पूरे जिले में झोलाछाप डॉक्टर्स पर कार्रवाई कर वाहवाही बटोरने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम पर प्रश्नचिन्ह तब उठते हैं जब भ्रामक प्रचार करने वाला आरोग्यम अस्पताल जिला मुख्यालय पर ही संचालित हो रहा है। जिसने अपने प्रचार में एंडोस्कोपी, कार्डियक इको जैसी सुविधाओं का सिर्फ प्रचार किया जा रहा है जबकि हकीकत कुछ और ही है। नाक के नीचे चह रहे इस अमानक अस्पताल में सुविधाओं की जांच करने व गलत पाए जाने पर सील करने स्वास्थ्य विभाग की टीम क्यों नहीं पहुंच पाई। उल्लेखनीय है आरोग्यम अस्पताल में जिला अस्पताल के ही एक एनेस्थेटिक डॉक्टर की पार्टनरशिप होने के चर्चा के चलते इस तरह की ऑफिशियल कार्रवाई नहीं होती है। वहीं इस आयुष्मान के लिए अनुमति लेने के लिए जब जांच टीम अस्पताल पहुंची थी तब उसने कई तरह की खामियां पाई थीं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कमियों को छुपाने के लिए भ्रामक प्रचार का सहारा लिया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

हमारे यहां पर प्रचारित सभी सुविधाएं दी जाती हैं परंतु वह सप्ताह में एक ही बार होती है। इसके लिए डॉक्टर बाहर से आते हैं।

**डॉ आशीष जोशी**
**आरोग्यम अस्पताल राजगढ़**

### भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# मुआवजे की मांग लेकर घुटने के बल कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में इस साल हुई अतिवृष्टि से क्षेत्र के अनेकों किसानों की फसलें तबाह हुई हैं। आलम यह है कि किसानों को फायदा तो दूर की बात फसल उगाने की लागत भी नहीं निकल पाई है। ऐसे में बीते कई दिनों से विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों द्वारा शासन, प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की जा चुकी है। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले मंगलवार दोपहर अनेकों किसान घुटने के बल चलते हुए कलेक्टेट पहुंचे। यहां यूनियन जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में सभी ने काफी समय तक नारेबाजी करते हुए बाद में मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम निधि भारद्धाज को सौंपा। यूनियन जिलाध्यक्ष तोमर ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के जिले में दो मंत्री और पांच विधायक होने के बावजूज किसान खून के आंसू रो रहा है।

#### ज्ञापन में यह रखी मांगें

यूनियन पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि फसलों के सेटेलाइट सर्वे की बजाय पटवारी को ईकाई मानकार औसत उपज की तुलना में आई कमी को आधार बनाकर क्षति का पूरा मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही भावान्तर योजना को किसानों के लिए नहीं बल्कि बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए निर्मित होने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया। खाद के पर्याप्त भंडारण एवं दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दूध प्रदायकों को 5 रुपए बोनस देने की घोषणा का पालन करने की मांग भी उक्त ज्ञापन के जरिए रखी गई।

#### *18 को ब्यावरा पहुंचेंगे मुख्यमंत्री, किसानों को बांटेंगे खराब फसलों का मुआवजा*

*ब्यावरा। जिले भर से लगातार आ रही फसलों के खराब होने की शिकायतों और किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए 18 अक्टूबर को दीपावली के पहले प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव फसलों का मुआवजा देने ब्यावरा आ रहे हैं। एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का संभावित स्थल नया दशहरा मैदान ब्यावरा हो सकता है।*

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प विधानसभा सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



स्थानीय डग रोड बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प विधानसभा सम्मेलन में विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ देश के हर व्यक्ति को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प पुरा हो रहा है। वर्तमान में कुटीर उद्योग जिससे स्व-सहायता समूह की बहनें, मजदूर, किसान हर व्यक्ति को रोजगार मिला है छोटे से छोटे काम या बड़े से बड़े काम स्व सहायता समूह की बहनें करके स्वावलम्बी बन रही है। सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प 2047 है जिसमें भारत विकसित बनकर रहेगा , स्वदेशी से इस विकसित भारत को साकार करने वाले हैं स्व का बोध जाग्रत करना है ताकि स्वयं का विकास संस्कृति, आचार, विचार, आचरण हमारे पूर्वज जो हमें सौंपकर गए।

उसमें स्वावलंबी बनाना है। आवश्यकता इस बात कि जो मजबूर है वह मजबूत कैसे बनें। इसके लिए रहनें के लिए पक्का मकान शोचालय जो हमारी मुलभुत जररूत है उसे पुरा करने में हम लगें हैं। हर हाथ मजबूत केसे बनें इसी सोच से प्रधानमंत्री कार्य कर रहे हैं स्व के आधार पर काम किया जा रहा है। उसके बाद स्वदेशी का आंदोलन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। जिसमें हर व्यक्ति स्वावलंबी बन रहा है। कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार थी तब सड़क बिजली पानी कि स्थिति कैसी थी, ओर जो बदलाव अब आया है वह किसान सहित हर व्यक्ति के चेहरे से प्रतीत हो रहा हर व्यक्ति उत्साह खुशी में होकर विकास की ओर आगे बढ़ रहे। सौर ऊर्जा स्वयं की हम किसी पर आश्रित नहीं रहे यह सारे प्रयास करके आत्मनिर्भर भारत संकल्प को पूरा कर रहे। मोबाइल के क्षेत्र में हम सबसे आगे बढ़े हैं। 25 हजार करोड़ का निर्यात किया है जो अभी तक का सबसे अधिक है। धार्मिक स्थल हो या महापुरुष लेकिन हमने हर स्थल पर चहुंओर विकास कार्य करें। सौंदर्यीकरण को पुरा कर रहे। पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह, मण्डल अध्यक्ष शिव मंडलोई, लखन तोमर, राम दांगी, मीडिया प्रभारी परीक्षित वैध कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठौर ने किया सहित विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जल जीवन मिशन का मामला, ब्लैक लिस्टेड भी होंगी फर्में**

# लापरवाही पर 2 फर्मों की 18 लाख की जमा एफडी राशि राजसात

### परियोजना में अनेकों स्थानों पर कार्यों में लापरवाहियां हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




हर घर नल से जल पहुंचाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना को जिले में बैठे अधिकारी पलीता लगाने में लगे हुए हैं। पीएचई एवं जल निगम द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वियत की जा रही इस परियोजना में अनेकों स्थानों पर कार्यों में लापरवाहियां हुई हैं।

ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही से कार्यों में हुई देरी पर नरसिंहगढ़ के ग्राम कंडारा, कोठरी, हिनोत्या एवं गागर में जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसी श्री इंद्रजीत सिंह घुरैया ग्वालियर की अनुबंधित ग्रामों की जमा एफडी 5 लाख 72 हजार 330 रुपए राजसात की गई है। इसके साथ ही मिशन अंतर्गत नरसिंहगढ़ के ही ग्राम पाडल्याबना, नून्याहेड़ी, ताजपुरा एवं ब्यावरा के ग्राम सलेपुर में मैसर्स गुलरेज अहरम सिद्धकी भोपाल द्वारा नवीन पाइप लाइन कार्य, मय सामग्री एवं मजदूरी के पाईप लाईन टेस्टिंग, नल कनेक्शन पूर्ण न करने पर अनुबंधित ग्रामों की जमा एफडी राशि 12 लाख 48 हजार 763 रुपए राजसात की गई है। कलेक्टर ने उक्त दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव भी वरिष्ठ कार्यालयों को भेजा है।

#### एक ही टंकी से कई गांवों में सप्लाई

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने वाली इस परियोजना को लेकर कालीतलाई ग्राम पंचायत के ग्रामीण भी नाखुश हैं। ग्रामीणों के अनुसार उनके घरों में बहुत कम प्रेशर से पानी आ रहा है। इसके साथ ही पानी भी महज 20 मिनट के लिए छोड़ा जाता है। क्षेत्र के अनेक ग्रामों से भी योजना के तहत समुचित पानी न दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

# काव्य समागम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भोपाल, सीहोर व जिले के कवियों ने बांधा समां**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

श्री गणेश साहित्य मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होटल मिडवे ट्रीट में काव्य समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल, राजगढ़ ब्यावरा, सीहोर, कुरावर, तलेन से आए कवि कवित्रियों ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रभक्ति से सरोबार वीर श्रृंगार वीर रस और हास्य रस की कविताएं पड़ी। भोपाल की कवित्री पूजा दुबे 'मोहिनी' एवं ब्यावरा की कवित्री रेखा नायक 'रानो' ने गजल पढ़कर सबका मन मोह लिया। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष डॉ महेश जैन एवं संरक्षक लखमीचंद चौधरी 'लखन' मुख्य अतिथि रेखा पचवारिया ने दीप प्रचलित किया। विशेष अतिथि राधेश्याम पचवारिया लक्ष्मण सिंह राणा अनिल महेश्वरी थे। कवि हरि सिंह 'पतंग' ने सरस्वती वंदना कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साहित्यकारों में हरि सिंह केशवाल को राष्ट्रीय पहचान हिंदी हम सब की शान हिंदी सुना कर कार्यक्रम को उंचाइयां दी। राजेश शर्मा 'सत्यम' ने नेताओं का पोथी पाना खोला राजनीति पर व्यंग कसा। खलील का कुरेशी ब्यावरा ने उर्दू में शायरी की शाहिद सैफी 'अश्क' नरसिंहगढ़ ने सब गम के आसपास है हम क्या गजल कहे, गजल प्रस्तुत की।

डॉ विजेंद्र जायसवाल सीहोर, लक्ष्मण सिंह चैकसे सीहोर, सुरेश जयसवाल सीहोर, डॉक्टर शैलजा श्रीवास्तव भोपाल, रजनी निखिल भोपाल, पूजा दुबे 'मोहिनी' कमलेश शर्मा सीहोर, बाबूलाल शर्मा 'गणेश' कुरावर, हीरालाल जायसवाल 'अनाड़ी' सीहोर, प्रेमदास वैष्णव कुरावर सहित अन्य साहित्यकारों ने रचना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दीपक सक्सेना एवं उर्दू के शेयर शाहिद सैफी ने किया भोपाल से आई गीतकार पूजा दुबे 'मोहिनी' की रचना बारिश की बंदे ने कर दिया कमाल ने खूब तालिया बटोरी आभार संस्था के अध्यक्ष डॉ महेश जैन द्वारा किया गया।


# वाल्मीकि जयंती पर भव्य चल समारोह निकला, सर्व समाज ने लिया भाग



**सारंगपुर।** महर्षि श्री वाल्मीकि की जयंती प्रकट उत्सव के अवसर पर मंगलवार को सर्व वाल्मीकि समाज सारंगपुर द्वारा चल समारोह एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि मंदिर वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रा कॉलोनी से प्रारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय मांगलिक परिसर पहुंचा। पूरे नगर में शोभायात्रा के दौरान जय वाल्मीकि, जय श्री महाकाल के जयघोष गूंजते रहे।

समारोह में राज्य सभा सांसद एवं पीठाधीश्वर वाल्मीकि धाम उज्जैन उमेशनाथ महाराज ने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल इसके अलावा नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला तथा वाल्मीकि समाज जिलाध्यक्ष रामलाल खटक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। चल समारोह के बाद सामरसता सम्मेलन का आयोजन राठी परिसर में किया गया, जहां समाज में एकता, शिक्षा और सेवा कार्यों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में भव्य महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व वाल्मीकि समाज सारंगपुर द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सतीश गिरजे, पार्षद अमित गिरजे,नरेंद्र कंडारे, बनारसी गिरजे, तरुण दावरे, रवि गिरजे, राजकुमार गिरजे, विनोद गिरजे, भरत गिरजे, सूरज ओटले, रवि वाल्मीकि, विकास गिरजे सहित अन्य मौजूद थे।

# महाविद्यालय में 'वोकल फॉर लोकल' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित 'वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल वेबिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से हुआ। संयोजक डॉ. मोहम्मद वसीम शेख ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री, कौशल विकास एवं रोजगार ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की बात कही। प्रमुख वक्ताओं डॉ. पुण्य प्रसन्न पलतानी एवं डॉ. लीना चेतन जोशी ने विकसित भारत 2047 हेतु युवाओं, शिक्षकों एवं तकनीकी विकास की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 350 प्रतिभागियों ने सहभागिता की एवं 22 शोधार्थियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. अर्चना वर्मा एवं आभार डॉ. विमल लोदवाल ने व्यक्त किया।

### आरोप- जनपद सीईओ नहीं मान रहे विभाग का आदेश, अन्य मांगें भी लंबित

# कलमबंद हड़ताल पर राजगढ़ जनपद की 101 पंचायतों के जीआरएस

#### जनपद परिसर स्थित मंदिर में ही धरने पर बैठे सभी जीआरएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पिछले माह 4 सितंबर 2025 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के अधिकार रोजगार सहायकों को सौंपने के संबंध में एक सर्कुलर जारी किया था। इसके बावजूद राजगढ़ जनपद में कई ऐसी पंचायतें हैं जहां एक ही पंचायत सचिव को 2-2 पंचायतों का प्रभार दिया हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार ऐसी पंचायतों में रोजगार सहायकों को पंचायत के समस्त अधिकार सौंप दिए जाने चाहिए थे, लेकिन राजगढ़ ब्लॉक में ऐसा नहीं किया जा रहा है। इसी के विरोध में जनपद क्षेत्र के तहत आ रही सभी 101 पंचायतों के रोजगार सहायक कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं।

जीआरसी संगठन जिलाध्यक्ष सागर गुर्जर एवं राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गुर्जर ने बताया इस संबंध में रोजगार सहायकों द्वारा 8 अक्टूबर को जनपद सीईओ आशीष जोशी को एक ज्ञापन सौंपा गया था। उक्त ज्ञापन में जीआरएस को वित्तीय अधिकार सौंपने सहित अन्य मांगे भी रखी गई थी, जिनका निराकरण आज दिनांक तक नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग भोपाल से स्पष्ट आदेश प्राप्त होने के बाद भी रोजगार सहायकों को सचिवीय अधिकार प्रदान नहीं किए जा रहे हैं।

#### यह भी हैं रोजगार सहायकों की मांगें

सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के वित्तीय अधिकार जीआरएस को सौंपने के साथ ही संगठन की कुछ अन्य मांगे भी हैं। इन मांगों में जनपद में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए, ग्राम पंचायत पदमपुरा में पंचायत के मूल सचिव को चार्ज न देकर यहां पदस्थ जीआरएस सिद्धनाथ अहिरवार को सचिव का प्रभार सौंपा जाए, जीआरएस को कार्य की अधिकता के चलते अन्य विभागों के कार्य न सौंपे जाएं एवं रोजगार सहायकों के वेतन से किया गया कटौत्रा उन्हें वापस किया जाए।

#### अन्य जनपदों में लागू किया जा चुका है आदेश

रोजगार सहायक संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह हड़ताल सिर्फ राजगढ़ जनपद क्षेत्र के रोजगार सहायकों द्वारा की जा रही है। चूंकि, राजगढ़ जिले की अन्य जनपदों के सीईओ द्वारा ग्रामीण विकास के आदेशों का पालन किया जा चुका है ऐसे में इस कलमबंद हड़ताल में सिर्फ राजगढ़ जनपद के जीआरएस ही शामिल हैं। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार जब जिले की ही अन्य जनपदों में आदेश का पालन हो रहा है तो सिर्फ राजगढ़ जनपद ही अछूती क्यों रखी जा रही है।

#### मांगें नहीं मानने पर व्यापक करेंगे आंदोलन

रोजगार सहायक संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 1 सप्ताह में उनकी मांगों एवं समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।